भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +1271
सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## कुरनूल में पर्यटन परियोजनाएं

**+1271. श्री रघु राम कृष्ण राजू**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय द्वारा आंध्र प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु राज्य के लिए कोई योजना और वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव किया गया है;
(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) कितनी परियोजनाओं को चयनित किया जा रहा है और उन्हें विकसित करने का विचार किया जा रहा है;
(घ) प्रत्येक परियोजना के लिए स्वीकृत की गई/स्वीकृत की जा रही वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और
(ड.) आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में विशेष रुप से चिह्नित की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन', और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) तथा पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/ केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों/ केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश राज्य को मेलों/त्योहारों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों की

योजना के दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं को निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति और निधि की उपलब्धता की शर्त पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और आंध्र प्रदेश राज्य में मेले/त्योहारों पर्यटन से संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता का **विवरण संलग्न** है।

आंध्र प्रदेश राज्य में आईएचएम/ एफसीआई/ आईआईटीटीएम आदि' को सहायता योजना के अंतर्गत निम्नलिखित राज्य होटल प्रबधन संस्थान(आईएचएम)/ भारतीय खानपान संस्थान (आईसीआई) को स्वीकृति प्रदान की गई है:

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु में)** |
|---|---|
| राज्य होटल प्रबधन संस्थान, तिरुपति | 10.00 |
| आईसीआई, तिरुपति | 97.49 |

(ड.): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध पर पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत 47.45 करोड़ रु की अनुमानित लागत से आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले में 'श्रीसैलम मंदिर का विकास' परियोजना को दिनांक 13.09.2017 को अनुमोदित किया गया था। परियोजना का भौतिक निष्पादन वर्ष 2021 में 43.08 करोड़ रुपये की अंतिम निष्पादित लागत के साथ पूरा हो चुका है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को स्वीकृति पत्र दिनांक 28.10.2021 के माध्यम से सभी भुगतान जारी कर दिए गए हैं।

*****

**अनुबंध**

कुरनूल में पर्यटन परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 06.12.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +1271 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परिपथ का नाम** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | | |
| 1. | **आंध्र प्रदेश** | तटीय परिपथ | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन अभ्यारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम- कोट्टीपल्ली अंजुना का विकास | 67.84 | 67.84 |
| **वर्ष 2015-16** | | | | | |
| 2. | **आंध्र प्रदेश** | तटीय परिपथ | नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलामदुगु जलप्रपात, नेलपट्टु, पक्षी अभयारण्य मिपाडू-रामातीर्थम-अभयारण्य का विकास | 49.55 | 47.76 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | | |
| 3. | **आंध्र प्रदेश** | बौद्ध परिपथ | शालीहुंडम- बावीकोंडा -अमरावती अनुपु - आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ का विकास | 24.14 | 26.17 |

**प्रशाद योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2015-16** | | | | |
| 1. | **आंध्र प्रदेश** | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास | 27.77 | 27.77 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | |
| 2. | **आंध्र प्रदेश** | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 43.08 | 43.08 |

**पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **केंद्रीय एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | कोंकण रेलवे के लिए ग्लास टॉप कोच का निर्माण | रेल मंत्रालय | 12.00 | 12.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सहित विभिन्न राज्य | • काजीगुंड और बारामूला, जम्मू और कश्मीर<br>• विजाग-अरक्कू घाटी विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश<br>• रूट दादर-मडगांव (मुंबई से गोवा) | | | |
| **वर्ष 2016-17** | | | | | |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तिरुपति रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.75 | 4.59 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | | |
| 3. | आंध्र प्रदेश | पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एन्ड लाइट शो | आईटीडीसी | 7.09 | 3.54 |
| **वर्ष 2018-19** | | | | | |
| 4. | आंध्र प्रदेश | विशाखापट्नम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज़ -सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापट्नम पोर्ट ट्रस्ट | 38.50 | 19.25 |

**राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को मेलें और उत्सवों और पर्यटन से सम्बन्धित कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता**

**(लाख रु. में)**

| राज्य | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत का वर्ष | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | 2014-15 | नेल्लौर, आंध्र प्रदेश में फ्लेमिगों उत्सव आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता | 10.00 | 10.00 |
| | | अंनतपूर जिले में लेपाक्षी उत्सव आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता | 10.00 | 10.00 |
| | | आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा बीच उत्सव आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता | 10.00 | 10.00 |
| | 2016-17 | आंध्र प्रदेश के अमरावती, विजयवाड़ा, श्रीसैलम में कृष्णा पुर्ष्कम के उत्सव पर पर्यटन कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता | 25.00 | 25.00 |

*****